बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-478
16/09/2023

# मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर में मंजू सिन्हा परियोजना बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय का किया उद्घाटन

पटना, 16 सितम्बर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बख्तियारपुर में मंजू सिन्हा परियोजना बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय का फीता काटकर एवं शिलापट्ट का आनावरण कर उद्घाटन किया। विद्यालय प्रबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री को पुष्प–गुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया गया। उद्घाटन के अवसर पर मंजू सिन्हा परियोजना बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के चतुर्थ तल पर स्थित सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधान पार्षद श्री रामचंद्र भारती ने मुख्यमंत्री को पुष्प–गुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सभागार में उपस्थित आप सभी लोगों का मैं स्वागत करता हूं। यहां पहले से ही बालिका उच्च विद्यालय संचालित हो रहा था। हमने कहा कि इस विद्यालय का विस्तार करें और इसे बेहतर ढंग से बनाएं। इसके लिए बख्तियारपुर थाना के एक हिस्से की जमीन ली गई और इस विद्यालय भवन का निर्माण ठीक ढंग से किया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व विधान पार्षद श्री रामचंद्र भारती जी यहां उपस्थित हैं। इन्होंने ही मेरी धर्मपत्नी के नाम पर इस विद्यालय का नामकरण कराया। मुझे यह बात मालूम नहीं थी, बाद में हमें पता चला। पहले हम यह जानते तो नामकरण नहीं कराते। कई बार हम आकर यहां देखे भी हैं। इस विद्यालय के बगल में बख्तियारपुर थाना का भवन है। हम चाहते हैं कि वह भी जल्दी बेहतर हो जाए। बचपन में हम यहां के थाना परिसर में जाया करते थे। अब उसका एक हिस्सा इस विद्यालय में शामिल हो गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विद्यालय में 2014 छात्राएं नामांकित हैं। यह बड़ी खुशी की बात है। आप सभी शिक्षकगण इन्हें ठीक ढंग से पढाइये। यहां शिक्षकों की कमी है तो हमलोग जरूरत के हिसाब से यहां पर्याप्त संख्या में शिक्षक–शिक्षिकाओं की अनुशंसा शीघ्र करा देंगे। पहले लड़कियों को शिक्षा प्रदान करने के लिए बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बनाए जाते थे। अब हमलोग लड़के और लड़कियों को एक ही जगह पढ़ा रहे हैं। इस विद्यालय भवन के बन जाने से लड़कियां काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि मेंटेनेंस बहुत जरूरी है। इसको ध्यान में रखते हुए इस विद्यालय का नियमित रुप से मेंटेनेंस होना चाहिए। शौचालय और विद्यालय परिसर की साफ–सफाई नियमित रुप से हो, इस पर भी विशेष ध्यान दें ताकि यहां पढ़ाने वाले शिक्षकों और छात्राओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। छात्राओं से आह्वान करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी खूब मन लगाकर पढ़िए और आगे बढ़िए। आप सभी शिक्षक एवं छात्राओं को मैं अपनी तरफ से पुनः बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।

कार्यक्रम को पूर्व विधान पार्षद श्रीरामचंद्र भारती ने भी संबोधित किया। बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री कार्तिकेय धनजी ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया।

उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात मुख्यमंत्री ने मंजू सिन्हा परियोजना बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं बख्तियारपुर थाना परिसर एवं आस–पास के क्षेत्रों का मुआयना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि थाना भवन में सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो, इसका ख्याल रखें। इस विद्यालय भवन के ऊपर पर्याप्त संख्या में सोलर प्लेट लगवाएं जिससे विद्यालय में आवश्यकता अनुरुप बिजली की आपूर्ति हो सके। इससे काफी सहूलियत होगी।

इस अवसर पर सांसद श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, विधायक श्री अनिरुद्ध प्रसाद, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के चेयरमैन मोहम्मद इर्शादुल्ला, मुख्यमंत्री के अग्रज श्री सतीश कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, ए0डी0जी0 विधि व्यवस्था श्री संजय कुमार सिंह, आयुक्त पटना प्रमंडल श्री कुमार रवि, आई0जी0 पटना प्रक्षेत्र श्री राकेश राठी, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री कार्तिकेय धनजी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, वरीय अधिकारी, शिक्षक गण एवं छात्राएं उपस्थित थीं।

मंजू सिन्हा परियोजना बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बख्तियारपुर के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यह विद्यालय बहुत पहले से बनवाया जा रहा था। हम निर्माण कार्य के दौरान बीच–बीच में देखने के लिए यहां आते रहे हैं। अब बहुत अच्छी बिल्डिंग बनकर तैयार हो गई है। इसको हम अच्छा बनवा दिए हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के बिहार दौरे को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम उनलोगों की किसी बात पर ध्यान नहीं देते हैं। उनको कोई ज्ञान नहीं है। बिहार में कितना ज्यादा विकास हुआ है। बिहार में कितना काम हो रहा है इसकी कोई जानकारी उनलोगों को है? उनलोगों को देश की भी कोई जानकारी नहीं है। उनलोगों का कोई वैल्यू नहीं है। केवल उल्टा–सीधा बोलना है। आज कल वे लोग परेशान हैं, घबराहट में हैं क्योंकि हम विपक्षी पार्टियों को एकजुट करने में लगे हैं।

'इंडिया' गठबंधन द्वारा पत्रकारों पर पाबंदी लगा दी गई है, इस सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमको नहीं पता है। यह श्री राजीव रंजन जी बताएंगे। हम तो शुरू से पत्रकारों के पक्ष में रहे हैं। पत्रकारों को आजादी मिल जाएगी तो जो उन्हें जो सच दिखेगा, अच्छा लगेगा वे अपने–अपने ढंग से लिखेंगे। पत्रकारों पर नियंत्रण नहीं किया जा सकता है। सबको अपना अधिकार है। हम किसी पत्रकार के खिलाफ नहीं हैं। केंद्र में जो लोग हैं वही लोग ये सब गड़बड़ी करते हैं। हम तो आपलोगों की इज्जत करते हैं।

पत्रकारों ने मुख्यमंत्री ने निवेदन किया कि आप जो निरीक्षण भवन बनवाए हैं उसमें एक कमरा हमलोगों के लिए भी सुरक्षित रहे ताकि हमलोग वहां पर बैठकर समाचार प्रेषण का काम कर सकें। इस पर मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को पत्रकारों की मांग पर समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

******